<u>जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर</u>

क्रमांक/परीक्षा-2/गोपनीय/2017/1500 दिनांक : 14.12.2017

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषयः- विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की अंकसूचियों को तत्काल वितरण करने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2017 एवं स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2017 की आपके महाविद्यालय के छात्रों की अंकसूचियाँ आपको प्रेषित की जा चुकी हैं। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार छात्रों को अंकसूचियाँ वितरित न करने के संबंध में सी.एम. हेल्पलाइन में विभिन्न छात्रों द्वारा शिकायतें प्रस्तुत की गई हैं।

आपको यह निर्देशित किया जाता है कि छात्रों की अंकसूचियों का तत्काल वितरण कराकर दिनांक 18.12.2017 तक यह प्रतिवेदन कि किसी भी छात्र की अंकसूची वितरित करना शेष नहीं है, विश्वविद्यालय की ई-मेल आई.डी. <u>jiwajigwalior@yahoo.co.in</u> पर भेजना सुनिश्चित करें। छात्रों को तत्काल अंकसूचियों के वितरण हेतु निम्न प्रयास किये जाने होंगे।

1. विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में छात्रों की अंकसूचियों का वितरण।
2. छात्रों के प्रवेश आवेदन-पत्र में अंकित मोबाइल फोन के आधार पर सूचना।
3. महाविद्यालय केम्पस में अंकसूचियों के वितरण हेतु शिविर आयोजित कर आदि तरीकों के माध्यम से कार्य को शीघ्रता से सम्पादित किया जा सकता है।

यदि आपके महाविद्यालय के संबंध में सी.एम. हेल्पलाइन में अंकसूची वितरित न होने का कोई प्रकरण आता है तो उसके लिये आप व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि :-</u>

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपूडा भवन भोपाल।
2. कुलपति के सचिव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)

विभिन पत्र